an>

Title: Regarding construction of roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in Damoh Parliamentary Constituency of Madhya Pradesh.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना की सड़कों की तरफ सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मेरे क्षेत्र में बिजावर और बाजना मार्ग से नया खेड़ा गांव के लिए एक सड़क बननी थी, लेकिन वहां पर खनिज विभाग की दो माइंस पिपरिया और पंछी, गौरापत्थर की माइंस हैं, क्योंकि माइंस ताकतवर लोगों के पास होती हैं उस कारण से कोई भी ठेकेदार उस सड़क को बनाने के लिए तैयार नहीं है। इससे आठ गांवों के लोग प्रभावित हैं। यह समस्या न केवल मेरे ही क्षेत्र में है, बल्कि कई क्षेत्रों में व्याप्त है। ...(व्यवधान) चूंकि यह बुंदेलखण्ड का क्षेत्र है, जो अत्यंत पिछड़ा है। ...(व्यवधान) जहां पर भी रेत की माइंस हैं या ऐसी माइंस हैं, उस कारण से बनी हुई प्रधान मंत्री सड़क योजना की सड़कें टूट जाती हैं। ...(व्यवधान) हमारे यहां तो कोई ठेकेदार इसका ठेका लेने के लिए भी तैयार नहीं है। ...(व्यवधान) वह आठों गांव आज भी सड़क से वंचित हैं। ...(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूँ कि प्रधान मंत्री सड़क योजना की या तो गुणवत्ता बढ़ाएं या तो कोई अन्य व्यवस्था करें ताकि गांव इसकी सजा न भुगतें या फिर माइनिंग वाले लोगों से उसका पैसा लेकर उस सड़क को निर्माण का काम करवाना चाहिए। ...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER:

Shri Sudheer Gupta is permitted to associate with the issue raised by Shri Prahlad Singh Patel.